संख्या–cm-343
04/07/2020

राज्य के 5 जिलों में वज्रपात से 20 लोगों की मौत पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

- मृतकों के आश्रितों को चार–चार लाख रूपये अविलंब अनुग्रह अनुदान देने का मुख्यमंत्री ने दिया निर्देश

पटना, 04 जुलाई 2020 :– वज्रपात से भोजपुर में 9, छपरा में 5, कैमूर में 3, पटना में 2 और बक्सर में 1 व्यक्ति की मौत पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे प्रभावित परिवारों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने अविलंब मृतक के परिजनों को चार–चार लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिये हैं।

मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग खराब मौसम में पूरी सतर्कता बरतें। खराब मौसम होने पर वज्रपात से बचाव के लिये आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी किये गये सुझावों का अनुपालन करें। खराब मौसम में घरों में रहें और सुरक्षित रहें।

******